# जावेद अख्तर ने दो फिल्मों की स्क्रिप्ट लिखी

**पटकथा** लेखक जावेद अख्तर ने बताया कि उनकी दो फिल्मों की स्क्रिप्ट पूरी हो गयी है,जिसपर जल्द ही फिल्में बनायी जायेगी.जावेद अख्तर ने मंगलवार की रात राजधानी पटना में आयोजित 'किताब उत्सव' के समापन समारोह में अपनी किताब 'सीपियां' के सन्दर्भ में चर्चा की. इस किताब में जावेद अख्तर ने कबीर, तुलसी, रहीम, वृंद सहित अनेक कवियों द्वारा रचित चुनिंदा दोहों की सरल भाषा में व्याख्या की है.

जावेद अख्तर को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये साढ़े पांच दशक से अधिक का समय हो गया है. उन्होंने अपने सिने करियर की शुरूआत सत्तर के दशक में शुरू की. उन्होंने सलीम खान के साथ मिलकर शोले, दीवार, जंजीर, सीता और गीता, त्रिशूल ,डॉन, क्राति, शक्ति, अंदाज और मिस्टर इंडिया समेत कई सुपरहिट फिल्मों की कहानी, पटकथा और संवाद लिखे हैं. वर्ष 1987 में प्रदर्शित फिल्म मिस्टर इंडिया के बाद सलीम-जावेद की सुपरहिट जोड़ी अलग हो गयी. इसके बाद भी जावेद अख्तर ने फिल्मों के लिये संवाद और कहानी लिखने का काम जारी रखा.जावेद अख्तर ने लंबे अरसे से किसी फिल्म की स्क्रिप्ट नहीं लिखी है.

जावेद अख्तर ने बताया कि हाल ही में उन्होंने दो फिल्मों की स्क्रिप्ट लिखी है, जिसपर जल्द काम शुरू होगा. उन्होंने बताया कि वर्ष 2004 में प्रदर्शित उनके पुत्र फरहान अख्तर की फिल्म लक्ष्य की स्क्रिप्ट लिखने के बाद उन्होंने यह काम छोड़ दिया.उन्होंने बताया कि कोरोना काल के दौरान उन्होंने दो फिल्मों की स्क्रिप्ट पर काम शुरू किया, जो अब पूरा हो गया है.



उन्होंने बताया कि वह अपने दोनों बच्चे फिल्मकार फरहान अख्तर और जोया अख्तर को इन फिल्मों की स्क्रिप्ट सुनायेंगे. यदि उन्हें ये स्क्रिप्ट पसंद आती है तो जल्द ही इस पर फिल्में बनायी जायेगी. उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि यदि उनके बच्चों को स्क्रिप्ट पसंद नहीं आती है तो वे दूसरे निर्माताओं के पास जायेंगे और उन्हें उनकी स्क्रिप्ट पर फिल्म बनाने को कहेंगे.

जावेद अख्तर ने वर्ष 1981 में निर्माता-निर्देशक यश चोपड़ा की कालजयी फिल्म सिलसिला से बतौर गीतकार काम करना शुरू किया. फिल्म ''सिलसिला'' में जावेद अख्तर के गीत ''देखा एक ख्वाब तो सिलसिले हुये और ये कहां आ गये हम..'' श्रोताओं के बीच काफी लोकप्रिय हुये. फिल्म सिलसिला में अपने गीत की सफलता के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा. उन्होंने एक से बढ़कर एक गीत लिखकर जन जन के हृदय के तार झनझनाये. हालांकि अब जावेद अख्तर ने फिल्मीं गीत लिखने कम कर दिये हैं. जावेद अख्तर ने बताया कि आजकल के गानों में कोई गहराई नहीं रही.

उन्होंने कहा कि एक पेशे के तौर पर बतौर गीतकार उन्होंने काफ़ी काम कर लिया है. उन्होंने कहा कि आजकल की परिस्थिति उनके अनुकूल नहीं है, इसलिए भी वह फ़िल्मों से दूरी बना लेते हैं.

## जरीन खान की मां परवीन खान का लंबी बीमारी के बाद निधन

**बॉलीवुड** अभिनेत्री जरीन खान की मां परवीन खान का बुधवार, 8 अप्रैल 2026 को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया. अभिनेत्री की टीम ने एक आधिकारिक बयान जारी कर इस दुखद खबर की पुष्टि की है. जरीन की मां पिछले कई वर्षों से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही थीं और उन्हें कई बार अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था. मार्च 2026 में उनकी तबीयत में कुछ सुधार देखा गया था, लेकिन बुधवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली. इस खबर के सामने आते ही फिल्मी जगत और प्रशंसकों ने सोशल मीडिया के माध्यम से जरीन खान और उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं.

जरीन खान अपनी मां के बेहद करीब थीं और अक्सर उनकी देखभाल के लिए अपने करियर और सोशल मीडिया से दूरी बना लेती थीं.

# अश्लील गाने के विवाद में नोरा की मुश्किल बढ़ी

**कनाडा** मूल की बॉलीवुड डांसर, एक्ट्रेस और सिंगर नोरा फतेही की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं.कन्नड़ फिल्म केडी द डेविल के गाने सरके चुनर तेरी पर विवाद और बवाल अभी शांत नहीं हुआ है.राष्ट्रीय महिला आयोग ने नोरा फतेही को एक आखिरी मौका दिया है कि वह आयोग के सामने पेश हों और अपनी बात रखें.इसके लिए आयोग ने 27 अप्रैल को सुनवाई की तारीख तय की है.

आयोग कहीं ना कहीं नोरा से नाराज है, क्योंकि सोमवार 6 अप्रैल को हुई सुनवाई में वह खुद पेश नहीं हुईं, बल्कि अपने वकील के जरिए बात रखने की कोशिश की.लेकिन आयोग ने यह स्वीकार करने से इनकार कर दिया.मामले में एक्टर संजय दत्त को भी समन जारी किया गया है. राष्ट्रीय महिला आयोग ने विवादित गाने सरके चुनर तेरी के आपत्तिजनक बोल का स्वत: संज्ञान लिया था .6 अप्रैल को इस पर सुनवाई थी. समझा जाता है कि यदि एक्ट्रेस अगली सुनवाई में भी पेश नहीं होती हैं तो उन पर एक्शन लिया जा सकता है. महिलाओं की गरिमा से समझौता नहीं एनसीडब्लू की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने गाने के बोलों पर चिंता जताते हुए कहा कि यह महिलाओं की गरिमा के खिलाफ हैं. उन्होंने उन दलीलों को भी खारिज कर दिया कि जिन लोगों को समन भेजा गया है उन्हें गीत के बोल और उसके अर्थ की जानकारी नहीं थी.




## अनुपमा' में मचेगा बड़ा बवाल



स्टार प्लस के लोकप्रिय शो अनुपमा में आने वाले एपिसोड्स में कहानी एक बड़े मोड़ पर पहुंचने वाली है, जहां एक अनजाने फैसले से रिश्तों में दरार और सपनों का टूटना देखने को मिलेगा. अनुपमा की एक गलती न सिर्फ प्रेम के सपनों पर भारी पड़ती है, बल्कि पूरे परिवार को उसके खिलाफ खड़ा कर देती है, जिससे घर में जबरदस्त टकराव की स्थिति बन जाती है. टीवी जगत के चर्चित शो अनुपमा में इन दिनों हाई-वोल्टेज ड्रामा दर्शकों को बांधे हुए है. कहानी अब ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है, जहां एक छोटी सी चूक बड़े तूफान का कारण बनती नजर आ रही है. अनुपमा, जो हमेशा दूसरों के लिए सही करने की कोशिश करती है, इस बार अनजाने में अपने ही करीबी प्रेम के सपनों को तोड़ बैठती है. कहानी के मुताबिक, अनुपमा गोवा से अहमदाबाद लौट चुकी है और नौकरी की तलाश में संघर्ष कर रही है. काफी कोशिशों के बाद उसे एक नया काम मिलता है, जिसमें उसे रेस्टोरेंट्स की इंस्पेक्शन करनी होती है. यही काम उसके लिए नई मुसीबत लेकर आता है. जब अनुपमा एक रेस्टोरेंट की जांच करने पहुंचती है, तो उसे वहां कुछ खामियां नजर आती हैं. नियमों का पालन करते हुए वह उस रेस्टोरेंट को बंद करने का फैसला ले लेती है. हालांकि, अनुपमा इस बात से पूरी तरह अनजान होती है कि जिस रेस्टोरेंट पर उसने कार्रवाई की है, वह प्रेम का सपना है. प्रेम ने इस रेस्टोरेंट को खोलने के लिए कड़ी मेहनत की होती है और यह उसके जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य होता है. जैसे ही उसे पता चलता है कि उसकी अपनी अनुपमा मां की वजह से उसका काम रुक गया है,

## 'अंतिम सत्य' की तलाश में अमिताभ बच्चन



भारतीय सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन इन दिनों अपने विचारों और जीवन के गहरे अर्थ को लेकर चर्चा में हैं. 83 साल की उम्र में बिग बी ने अपने हालिया ब्लॉग में 'अंतिम सत्य', जीवन की अनिश्चितताओं और मन में चल रही बेचैनी को लेकर खुलकर बात की है. उन्होंने स्वीकार किया कि वह लगातार जवाबों की तलाश में हैं, लेकिन ज्यादातर सवालों के उत्तर अब भी अस्पष्ट हैं. उनके इस आत्ममंथन ने फैंस के बीच चिंता के साथ-साथ जिज्ञासा भी बढ़ा दी है. सदी के महानायक अमिताभ बच्चन एक बार फिर अपने ब्लॉग को लेकर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह कोई फिल्म या शो नहीं, बल्कि उनके विचार हैं. हाल के दिनों में उन्होंने जिस तरह 'खालीपन', 'बेचैनी' और अब 'अंतिम सत्य' जैसे गहरे विषयों पर लिखा है, उससे साफ है कि वह जीवन के दार्शनिक पहलुओं पर गंभीरता से सोच रहे हैं.

# तृषा कृष्णन ने शेयर किया क्रिप्टिक पोस्ट

**तृषा** कृष्णन ने सोशल मीडिया पर क्रिप्टिक पोस्ट शेयर कर प्यार पर गहरी बात कही, जिससे विजय संग उनके लिंकअप की अफवाहें और तेज हो गईं. फैंस उनके पोस्ट को निजी जिंदगी से जोड़कर अलग-अलग कयास लगा रहे हैं.

साउथ इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस तृषा कृष्णन इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं. विजय के साथ उनके लिंकअप की खबरों के बीच उन्होंने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है, जिसने फैंस और मीडिया का ध्यान खींच लिया है. तृषा कृष्णन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक कोट शेयर किया, जिसमें लिखा था कि प्यार ही सब कुछ नहीं है, लेकिन प्यार के बिना सब कुछ बेमानी है. तृषा कृष्णन के इस पोस्ट को कई लोग उनकी निजी जिंदगी से जोड़कर देख रहे हैं. केवल इतना ही नहीं, तृषा कृष्णन ने एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें उन्होंने जिंदगी के एक खास पड़ाव की बात कही. वीडियो में उन्होंने बताया कि अब वह बहस करने के बजाय शांति को ज्यादा महत्व देती हैं. वीडियो के अनुसार, अगर कोई कहे कि हाथी उड़ सकता है, तो अब मैं उसे सही ही मान लेती हूं, क्योंकि हर किसी को समझाना जरूरी नहीं होता. मन की शांति ज्यादा कीमती है. इस संदेश को भी लोग उनके मौजूदा हालात से जोड़कर देख रहे हैं.



बीते कुछ समय से विजय और तृषा कृष्णन के बीच नजदीकियों की खबरें सामने आ रही हैं. दोनों को कई इवेंट्स और पब्लिक अपीयरेंस में साथ देखा गया, जिसके बाद उनके रिश्ते को लेकर अटकलें तेज हो गईं. इसी बीच, विजय की शादी को लेकर भी खबरें सामने आई हैं.

# गोलमाल 5 में अजय देवगन के रोमांस पर लगा ब्रेक

**बॉलीवुड** की सबसे पसंदीदा कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'गोलमाल' अपनी पांचवीं फिल्म के साथ बड़े पर्दे पर लौटने को तैयार है, लेकिन इस बार दर्शकों को एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा. खबरों के मुताबिक, रोहित शेट्टी ने 'गोलमाल 5' की कहानी से लीड एक्टर अजय देवगन के रोमांटिक ट्रैक को पूरी तरह हटा दिया है. अब तक की फिल्मों में करीना कपूर और अजय की केमिस्ट्री को काफी सराहा गया था, लेकिन इस बार मेकर्स का पूरा ध्यान केवल शुद्ध कॉमेडी और हाई-वोल्टेज एक्शन पर केंद्रित है. हालांकि फिल्म में प्रियामणि की कास्टिंग की चर्चा है, लेकिन फिल्म में उनका किसी भी अभिनेता के साथ कोई प्रेम प्रसंग नहीं दिखाया जाएगा.



फिल्म को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह अक्षय कुमार की एंट्री को लेकर है. हाल ही में रोहित शेट्टी के जन्मदिन पर अक्षय का एक खास लुक साझा किया गया था, जिसमें वे काले कुर्ते, लुंगी और स्टाइलिश चश्मे में नजर आए थे. रिपोर्ट्स की मानें तो अक्षय कुमार इस बार फिल्म में एक बेहद दिलचस्प विलेन की भूमिका निभा सकते हैं.

# 'लव एंड वॉर' के सेट पर मोबाइल फोन ले जाने पर लगी पाबंदी

**संजय** लीला भंसाली ने अपनी आने वाली फिल्म 'लव एंड वॉर' के सेट पर मोबाइल फोन ले जाने पर पाबंदी लगा दी है,जिससे कोई बात लीक न हो सके. संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' इस साल की सबसे बड़ी और मोस्ट-अवेयटेड फिल्मों में से एक है. बॉलीवुड के तीन बड़े सुपरस्टार्स रणबीर कपूर, विक्की कौशल और आलिया भट्ट को पहली बार एक साथ पर्दे पर लाना, भंसाली की तरफ से एक और शानदार सिनेमाई धमाका होने वाला है.




फिल्म की एक झलक पाने के लिए बढ़ती एक्साइटमेंट के बीच, मेकर्स इस बात का पूरा ख्याल रख रहे हैं कि सब कुछ सख्त निगरानी में रहे, जिससे फिल्म से जुड़ी कोई भी चीज लीक न हो. अब सेट पर मोबाइल फोन ले जाने की इजाजत नहीं है.इंडस्ट्री के एक सूत्र का कहना है, 'सिर्फ नो डिस्क्लोज़र एग्रीमेंट ही नहीं, भंसाली की 'लव एंड वॉर' की टीम लीक रोकने के लिए एक्स्ट्रा कदम उठा रही है. सेट पर फोन अलाउड नहीं हैं और हर मेंबर को अंदर जाने से पहले अपना डिवाइस जमा करना पड़ता है.





# पहाड़ों में पक्षियों का अनोखा माइग्रेशन

**पहाड़ों** में रहने वाले पक्षियों के माइग्रेशन को लेकर अब तक यह माना जाता था कि वे सिर्फ तापमान में बदलाव के कारण ऊपर-नीचे जाते हैं, लेकिन हाल ही में प्रकाशित एक नई स्टडी ने इस धारणा को बदल दिया है. इस रिसर्च के अनुसार, पक्षियों का यह मूवमेंट दरअसल उनकी ऊर्जा बचत, भोजन की उपलब्धता और प्रतिस्पर्धा जैसे कारकों पर निर्भर करता है.

वैज्ञानिकों ने ईबर्ड के डेटा का विश्लेषण करते हुए दुनिया के 34 पर्वतीय क्षेत्रों में 10,000 से ज्यादा पक्षी आबादी और 2,600 से अधिक प्रजातियों का अध्ययन किया. इसमें पाया गया कि करीब 36.5% पक्षी बिना जगह बदले भी अनुकूल तापमान में रह सकते थे, फिर भी वे माइग्रेट करते हैं. दिलचस्प बात यह है कि कई पक्षी सर्दियों में नीचे जाने की बजाय ऊपर की ओर बढ़ते हैं, जो पारंपरिक तापमान सिद्धांत के खिलाफ है.

दरअसल, हर पक्षी के पास एक सीमित 'ऊर्जा बजट' होता है, जिसे उसे भोजन ढूंढने, शरीर का तापमान बनाए रखने, प्रजनन और सुरक्षा जैसे कामों में खर्च करना पड़ता है. ऐसे में वे उन जगहों की ओर जाते हैं जहां उन्हें ज्यादा संसाधन मिलें और कम ऊर्जा खर्च करनी पड़े. इस स्टडी में इस्तेमाल किए गए 'सीजनली एक्सप्लिसिट डिस्ट्रीब्यूशन सिम्युलेटर' (एसईडीएस) मॉडल ने भी यही दिखाया कि पक्षी ऊर्जा के हिसाब से अपनी स्थिति बदलते हैं. शोध में यह भी सामने आया कि 34 में से 28 पर्वतीय क्षेत्रों में यही पैटर्न देखने को मिला, जो इसे एक वैश्विक प्रवृत्ति बनाता है.

भविष्य में जलवायु परिवर्तन का असर सीमित रहेगा, लेकिन पक्षियों के औसतन 129 मीटर ऊपर की ओर शिफ्ट होने की संभावना है. यह अध्ययन स्पष्ट करता है कि पक्षियों के माइग्रेशन में तापमान से ज्यादा संसाधनों और ऊर्जा संतुलन की अहम भूमिका होती है, जिससे वैज्ञानिकों को पर्यावरण और जैव विविधता को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी.

# अंतरिक्ष से धरती का अद्भुत नजारा

**करीब** आधी सदी के बाद इंसान फिर से चांद की ओर अपनी यात्रा पर निकला है और इस ऐतिहासिक मिशन के दौरान अंतरिक्ष से हमारी पृथ्वी की अद्भुत और शानदार झलक दुनिया के सामने आई है. नासा के आर्टेमिस २ मिशन पर गए अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष से पृथ्वी की तस्वीरें कैद कर चुके हैं.

इन तस्वीरों को मिशन के कमांडर रीड विसमैन ने ओरायन अंतरिक्ष यान की खिड़की से लिया. इन तस्वीरों में पृथ्वी का नीला रंग, महासागरों की चमक और उनके ऊपर फैले सफेद बादलों का दृश्य बेहद आकर्षक और मंत्रमुग्ध कर देने वाला दिखाई दे रहा है. यह दृश्य न केवल वैज्ञानिकों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि आम जनता के लिए भी रोमांचक और ज्ञानवर्धक अनुभव प्रस्तुत करता है.



इस मिशन में तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं, जो चंद्रमा के चारों ओर अपनी यात्रा पूरी करने के बाद यू-टर्न लेकर सीधे पृथ्वी पर लौटेंगे. यह मिशन 1972 के अपोलो 17 के बाद पहली बार इंसानों को चांद के पास भेजने वाला मिशन है. तस्वीरें जारी होने के समय अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी से लगभग 1,45,000 किलोमीटर दूर थे और चंद्रमा की ओर तेजी से बढ़ रहे थे. इस दौरान उन्होंने ओरायन अंतरिक्ष यान का मुख्य इंजन जला कर अपनी कक्षा को चंद्रमा की ओर मोड़ा.

यह मिशन सिर्फ एक अंतरिक्ष यात्रा नहीं है, बल्कि मानव इतिहास में एक महत्वपूर्ण कदम है. अंतरिक्ष से ली गई इन तस्वीरों ने यह भी स्पष्ट किया कि पृथ्वी कितनी सुंदर, नाजुक और अनमोल है. यह मिशन आने वाले समय में अंतरिक्ष अनुसंधान, चंद्रमा की अध्ययन यात्रा और भविष्य में मंगल या अन्य ग्रहों की खोज में नए रास्ते खोल सकता है. साथ ही यह मानवता को यह भी याद दिलाता है कि हमारी पृथ्वी एकमात्र घर है, जिसकी सुंदरता और महत्व को हमें समझना और संरक्षित करना चाहिए.

# व्हाट्सएप कॉलिंग में बड़ा अपग्रेड

## आ रहा नया नॉइज कैंसिलेशन फीचर

**मैसेजिंग** ऐप व्हाट्सएप अपने यूजर्स के लिए लगातार नए फीचर्स लाता रहता है. इसी कड़ी में कंपनी अब कॉलिंग एक्सपीरियंस को और बेहतर बनाने के लिए एक नया बिल्ट-इन नॉइज कैंसिलेशन फीचर टेस्ट कर रही है. इस फीचर की मदद से वॉयस और वीडियो कॉल के दौरान आसपास की अवांछित आवाज़ यानी बैकग्राउंड शोर को कम किया जा सकेगा, जिससे सामने वाले को आपकी आवाज़ क्लियर सुनाई देगी.



हाल ही में रिपोर्ट में बताया गया कि यह फीचर फिलहाल व्हाट्सएप के एंड्रॉइड बीटा वर्जन 2.26.14.1 यूजर्स के लिए रोल आउट किया गया है. इसका मतलब है कि अभी हर यूजर को यह फीचर नहीं दिखेगा, लेकिन धीरे-धीरे इसे सभी यूजर्स तक उपलब्ध कराया जाएगा.

नॉइज कैंसिलेशन फीचर विशेष रूप से भीड़-भाड़ वाली जगहों जैसे सड़क, कैफे या ऑफिस में कॉल करने के दौरान मदद करेगा. यह रियल-टाइम में आसपास की अनचाही आवाज़ को फिल्टर करता है और कॉल को अधिक कंफर्टेबल और क्लियर बनाता है. फीचर को ऑन या ऑफ करना बेहद आसान है और कई मामलों में यह डिफ़ॉल्ट रूप से ऑन रहता है.इस नए फीचर के आने से व्हाट्सएप कॉलिंग अनुभव में काफी सुधार होगा और यूजर्स अब बिना किसी परेशानी के क्लियर वॉयस और वीडियो कॉल्स का आनंद ले सकेंगे.

# दमदार गेमिंग टैबलेट

## रेड मैजिक 5 प्रो लॉन्च

**गेमिंग** स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी रेड मैजिक जल्द ही अपना नया गेमिंग टैबलेट लॉन्च करने जा रही है. कंपनी ने अपने अपकमिंग रेड मैजिक गेमिंग टैबलेट 5 प्रो को लेकर आधिकारिक टीज़र शेयर किया है.

रेड मैजिक के वरिष्ठ अधिकारी जियांग चाओ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीबो पर इस टैबलेट की जानकारी साझा की और बताया कि यह टैबलेट इस साल अप्रैल या मई में लॉन्च हो सकता है, हालांकि लॉन्च डेट को लेकर अभी कोई अंतिम घोषणा नहीं की गई है.

पिछले साल भी कंपनी ने इसी समय अपने गेमिंग टैबलेट 3 प्रो को लॉन्च किया था.



रेड मैजिक का यह नया टैबलेट विशेष रूप से परफॉर्मेंस-फोकस्ड गेमिंग के लिए तैयार किया गया है. कंपनी ने अपने इंटरनेशनल मार्केट में इसे रेड मैजिक आस्त्रा के नाम से पेश किया था, ऐसे में संभावना है कि यह नया टैबलेट भी कुछ समय बाद ग्लोबल मार्केट में उपलब्ध होगा.

अपकमिंग टैबलेट के संभावित फीचर्स की बात करें तो इसमें डिस्प्ले और हाई रिफ्रेश रेट डिस्प्ले दिया जा सकता है. कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि यह टैबलेट 165 रिफ्रेश रेट और 200 टच सैंपल रेट सपोर्ट कर सकता है. टैबलेट में क्वालकॉम के स्नैपड्रैगन 8 एलाइट जेन 5 चिपसेट का इस्तेमाल होने की संभावना है.

इसके अलावा, कंपनी ने इस टैबलेट के कूलिंग सिस्टम पर विशेष ध्यान दिया है और इसमें पीसी-ग्रेड सामग्री का उपयोग कर लंबे गेमिंग सेशन्स के दौरान भी स्टेबल परफॉर्मेंस सुनिश्चित करने की योजना बनाई है. हालांकि, टैबलेट की कीमत और उपलब्धता को लेकर फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है. अब तक कंपनी ने केवल टीज़र और हिंट्स के जरिए ही इसके फीचर्स और डिजाइन का संकेत दिया है. इस नए गेमिंग टैबलेट से गेमिंग प्रेमियों को बड़ी स्क्रीन पर दमदार गेमिंग का अनुभव मिलने की उम्मीद है.